अटल बिहारी वाजपेयी हिंदी विश्वविद्यालय, भोपाल

(मध्यप्रदेश शासन के अधिनियम 2011 द्वारा स्थापित राज्य विश्वविद्यालय)

शैक्षणिक परिसर निर्मला देवी मार्ग कोलार रोड़ भोपाल(म.प्र.)

दूरभाष : 0755–2558606, वेबसाइट : www.abvhv.edu,in, अणुडाक : abvhvbpl@gmail.com

क्रमांक/347 /गोपनीय/अबिवाहिविवि/एफ–6/2019–20 भोपाल,दिनांकः 25/08/2020

–: आदेश :–

मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के पत्र क्र. एफ 770/दिनांक 13/08/2020, के अनुसार कोरोना (कोविड–19) के परिपेक्ष्य में छात्रों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुये विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा जारी निर्देश दिनांक 29/04/2020 तथा 08/07/2020 एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिनांक 08/07/2020 को जारी मार्ग दर्शी दिशा–निर्देशों के अनुक्रम में सत्र 2019–20 की विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं के संदर्भ में निम्नानुसार निर्देश जारी किये जाते हैं–

1. I. स्नातक प्रथम/द्वितीय वर्ष (वार्षिक पद्धति) के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा में भौतिक रूप से शामिल नहीं होना है।

   II. परीक्षा परिणाम हेतु परिक्षार्थियों को उनके वर्तमान कक्षा के सतत् समग्र आंतरिक मूल्यांकन (CCE) के प्राप्त अंकों के आधार पर परीक्षा परिणाम घोषित किये जायेंगे।

   III. इस हेतु विद्यार्थियों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा शुल्क एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करना अनिवार्य होगा।

   IV. स्नातक अंतिम सेमेस्टर के प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम तथा बी.एफ.ए अंतिम सेमेस्टर के ऐसे परीक्षार्थी जिन्हें (प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ, पंचम, षष्ठ, सप्तम्) सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हैं। ऐसे विद्यार्थी परीक्षा शुल्क एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करेंगे। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की निर्धारित बेवस्थल www.abvhv.edu.in पर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षार्थी अपने निवास से ही खुली किताब (Open Book) परीक्षा प्रणाली के माध्यम से उत्तर पुस्तिका लिखेंगे।

   V. स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के ऐसे सभी विद्यार्थी जिनको प्रथम/द्वितीय एवं तृतीय सेमेस्टर में एटीकेटी प्राप्त हैं परीक्षा शुल्क एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करेंगे। विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की निर्धारित बेवस्थल www.abvhv.edu.in पर प्रश्न पत्र उपलब्ध कराया जायेगा। परीक्षार्थी अपने निवास से ही खुली किताब (Open Book) परीक्षा प्रणाली के माध्यम से उत्तर पुस्तिका लिखेंगे।

2. I. समस्त प्रमाण–पत्र, पत्रोपाधि, स्नातकोत्तर पत्रोपाधि (वार्षिक पद्धति) से संचालित पाठ्यक्रमों की परीक्षा भी खुली किताब (Open Book) परीक्षा प्रणाली के माध्यम से सम्पन्न होगी। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यर्थियों को विश्वविद्यालयीन परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदन पत्र जमा करना होगा।

   II. एल.एल.एम द्वितीय सेमेस्टर के विद्यार्थी तथा एटीकेटी प्राप्त विद्यार्थी भी विश्वविद्यालय के निर्धारित परीक्षा शुल्क तथा परीक्षा आवेदन पत्र जमा कर (Open Book) खुली किताब परीक्षा प्रणाली के माध्यम से परीक्षा में शामिल होंगे।

3. I. **उत्तर पुस्तिका जमा करने के निर्देश :** विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय सारणी अनुसार ओपन बुक परीक्षा की समस्त विषयों के सभी प्रश्नपत्रों की लिखित उत्तर

पुस्तिकायें परीक्षार्थी अपने निवास से स्पीड पोस्ट (डाक) द्वारा विश्वविद्यालय के कार्यालय के पते- परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक परिसर, निर्मला देवी मार्ग, राजहर्ष कालोनी, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.), पिन-462042 पर भेजेंगे। प्रेषित उत्तर पुस्तिका निर्धारित तिथि/अवधि के पश्चात् प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं की जाएगी। समय-सारणी के अनुसार अंतिम प्रश्नपत्र के दिन से अगले सात दिनों के भीतर समस्त विषयों की उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय में प्राप्त होना चाहिए।

II. **उत्तर पुस्तिका के संबंध में निर्देशः** परीक्षार्थी स्वयं के पास उपलब्ध रजिस्टर के कागज/ए-4 आकार के कागज की उत्तर पुस्तिका बनाकर उत्तर लिखेंगें। प्रत्येक परीक्षार्थी अनुक्रमांक/नामांकन/कक्षा/नाम/विषय/प्रश्न-पत्र का शीर्षक/दिनांक/उत्तर पुस्तिका के हस्तलिखित पृष्ठों की संख्या अनिवार्य रूप से दर्ज करेंगे। परीक्षार्थी उत्तर लिखने के लिये नीले/काले बॉल पेन का ही उपयोग करेंगे। परीक्षार्थियों को ओपनबुक (Open Book) प्रणाली से परीक्षा में समस्त विषयों की प्रश्नपत्रवार पृथक-पृथक उत्तर पुस्तिका लिखना अनिवार्य होगा।

विशेष-

1. विश्वविद्यालय का वेबस्थल- www.abvhv.edu.in
2. विश्वविद्यालय का पता-परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक परिसर, निर्मला देवी मार्ग, राजहर्ष कालोनी, कोलार रोड, भोपाल (म.प्र.), पिन-462042
3. स्पीड पोस्ट (डाक), द्वारा उत्तर पुस्तिका भिजवायें।

कुलसचिव

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी वि.वि.,भोपाल